<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 मई 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करने के लिए आक्रामक वैश्विक अभियान शुरू, टोक्यो और अबु धाबी पहुंचा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश को देंगे एक सौ तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों की सौगात, सबसे अधिक प्रदेश के उन्नीस रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से होगा उद्‌घाटन।
- विश्व में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समीक्षा बैठक, कहा–चिन्ता की कोई बात नहीं, लेकिन सावधानी और सतर्कता आवश्यक।
- प्रदेश में तेज आंधी के साथ बारिश से जनजीवन प्रभावित, कुछ स्थानों पर जानमाल की क्षति, वर्षा का क्रम रुक रुक कर जारी।

**********

भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करने के लिए आक्रामक वैश्विक अभियान शुरु किया है। इसके तहत कल दो सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल नौ देशों की यात्रा पर रवाना हुए। जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के कूटनीतिक प्रयासों के अन्तर्गत पांच देशों इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर की यात्रा पर रवाना हुआ। यह दल जापान के टोक्यो पहुंच गया है। वहीं, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधि मंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन की यात्रा पर रवाना हुआ । यह दल संयुक्त अरब अमीरात के अबु धाबी पहुंच गया है।

पाकिस्तान के नापाक इरादों और भारत के सफल आतंकरोधी अभियान के बारे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को जानकारी देने के लिए सात बहुदलीय प्रतिनिधि मंडल गठित किए गए हैं।

**********

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में हम परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

**हरियाणा में जन्मे मेजर होशियार सिंह जून 1963 में तीसरी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट में शामिल हुए। 1971 में भारत–पाक युद्ध के दौरान बटालियन को बसंतर नदी पर एक पुल बनाने का काम सौंपा गया था, जो दोनों तरफ गहरी बारूदी सुरंगों से ढकी हुई थी। मेजर सिंह सी कंपनी के कमांडिंग ऑफिसर थे, जिन्हें जरपाल इलाके पर आक्रमण करने का निर्देश दिया गया था। कंपनी पर दुश्मन की ओर से मशीनगनों से भारी गोलाबारी हुआ। दुश्मन की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, मेजर होशियार सिंह हिम्मत नहीं हारे और अपने जवानों को प्रेरित हुए एक खाई से दूसरी खाई तक आगे बढ़ते गए। जब वे अपने जवानों को प्रोत्साहित कर रहे थे, तभी दुश्मन का एक गोला मीडियम मशीन गन पोस्ट के पास आकर गिरा, जिससे चालक दल के लोग घायल हो गए। मेजर होशियार सिंह स्थिति को समझते हुए तुरंत मशीन गन पिट की ओर दौड़ लगाई और खुद गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद गन को संभाला और दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया । दुश्मन के कमांडिंग ऑफिसर सहित 85 जवान मारे गए। मेजर होशियार सिंह को उनकी वीरता और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के बीकानेर से एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशनों का उद्‌घाटन करेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सबसे ज्यादा उन्नीस स्टेशनों का उद्‌घाटन उत्तर प्रदेश में किया जाएगा। इन स्टेशनों को कई शहरों की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक विरासत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। चौड़ी सड़कें, अंडरपास, फुट ओवर ब्रिज, आधुनिक प्रतीक्षालय, लाउंज, आधुनिक शौचालय और लिफ्टों का निर्माण कर इन अमृत भारत स्टेशनों को यात्रियों के लिए सुविधाजनक और आरामदेह बनाया गया है। इन स्टेशनों को दिव्यांगजनों की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि उन्हें आवागमन में कोई दिक्कत ना हो। यह स्टेशन उन्नत यात्री सूचना प्रणाली से लैस हैं, जहां मुफ्त वाईफाई की सुविधा भी उपलब्ध है। आनंद कुमार के साथ भानु प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

प्रधानमंत्री आज प्रदेश के जिन अमृत भारत स्टेशनों का उद्‌घाटन करेंगे उनमें उत्तर रेलवे के बिजनौर, सहारनपुर, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज के करछना, कानपुर के गोविंदपुरी, पुखरायां, आगरा के ईदगाह जंक्शन, फतेहाबाद, गोवर्धन और उत्तर पूर्व रेलवे के मैलानी, गोंडा के स्वामी नारायण छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोला गोकर्ण नाथ स्टेशन, रामघाट हाल्ट, थावे, इज्जतनगर, बरेली सिटी, उझानी और हाथरस सिटी स्टेशन शामिल हैं।

अमृत भारत स्टेशनों पर नई सुविधाओं को लेकर यात्रियों में भी खासा उत्साह है। गोवर्धन निवासी मयूर कौशिक ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

**पहले यहाँ स्टेशन पर कोई व्यवस्था ठीक नहीं थी। पहले जल की व्यवस्था नहीं थी। बैठने की व्यवस्था नहीं थी पर्याप्त पेड़ पौधे भी नहीं थे लेकिन अब जो विकास जो हुआ है इसका पुनर्स्थापित हुआ है। इससे जरूर जनता को लाभ मिलेगा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने इसको चुना है। हम बड़े हर्षित है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस समय प्रदेश में कोविड संक्रमण को लेकर चिन्ता जैसी कोई बात नही है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता आवश्यक है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में कोविड –19 के नये उपवेरिएन्ट जेएन–वन से संबंधित वैश्विक और राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए प्रदेश में कोविड–19 की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की । इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य इकाईयां अलर्ट मोड में रहे और किसी भी आपात स्थित से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। श्री योगी ने कहा कि कोविड–19 की पिछली लहरों के दौरान जिला अस्पतालों में बनाये गये दस–दस बेड के आईसीयू, वेन्टिलेटर और ऑक्सीजन प्लांट आदि को स्थायी रूप से क्रियाशील रखा जाए। इन सुविधाओं की नियमित टेस्टिंग और आवश्यकता अनुसार रख रखाव सुनिश्चित किया जाए। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिये संचालित शैक्षिक संस्थाओं में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है। कल लखनऊ में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केन्द्रों, समेकित विद्यालयों तथा ममता, स्पर्श और संकेत विद्यालयों का निरंतर निरीक्षण किया जाए। वहां अध्ययन कर रहे बच्चों से संवाद स्थापित कर आवश्यकतानुसार संस्थागत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाय। श्री योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिये संचालित विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद शीघ्र भरे जायें।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित अपने आवास पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चन्द्रशेखरन से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन और भविष्य की रणनीतियों पर केन्द्रित थी, जिसमें प्रदेश को देश– विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाने पर विचार विमर्श हुआ।

**********

प्रदेश के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में पिछले चौबीस घंटों के भीतर तेज आंधी के साथ हुई बारिश और ओला पड़ने से जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है। लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन कुछ स्थानों पर जानमाल की क्षति भी हुई है। वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है।

बीते चौबीस घंटों में प्रदेश के एटा, संभल, अमरोहा, सहारनपुर, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, हापुड़, मुजफ्फरनगर और गोरखपुर व इसके आसपास के जिलों में आंधी के साथ हल्की से लेकर तेज बारिश हुई। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। कुछ जगहों पर ओला पड़ने की भी आशंका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी, बारिश, ओला पड़ने और बिजली गिरने की घटना होने पर अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जनहानि और पशुहानि पर राहत राशि तत्काल उपलब्ध करवाने को कहा है।

**********

बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए प्रदेश के सभी चिड़ियाघर और इटावा लॉयन सफारी को सत्ताईस मई तक के लिये बंद कर दिया गया है। इस दौरान आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

**********